# मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय भोपाल, (म.प्र.)

## Madhya Pradesh Bhoj(Open) University, Bhopal (M.P)

**(Accredited with Grade 'A' by NAAC)**

**(Established under the Act of 1991 by M.P. Legislative Assembly)**

पता : राजा भोज मार्ग, कोलार रोड, भोपाल- 462016
दूरभाष : 0755-2492093
फेक्स : 0755-2424640
वेबसाइट : https://mpbou.edu.in/
ईमेल : registraroffice.mpbou@gmail.com

समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के नाम से ही किया जावे न कि किसी अन्य पदाधिकारी के नाम से। सबधित विषय पर यदि पूर्व में पत्र व्यवहार हुआ हो तो पत्र क्रमांक एवं दिनांक अवश्य लिखा जावे जिससे सुविधा हो।

**क्रमांक /258/स्था./मप्रभोमुविवि/2025** **भोपाल, दिनांक 16/05/2025**

प्रति,

**प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष,**
**समस्त शासकीय महाविद्यालय / अध्ययन केन्द्र,**
**मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.)**

**विषयः-मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय में प्राध्यापक / सह-प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक के स्वीकृत पदों के विरूद्ध महाविद्यालयीन शिक्षकों को समान वेतन पर दो वर्ष हेतु प्रतिनियुक्ति पर लेने हेतु सूचना।**

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (मुक्त एवं दूरस्थ ज्ञान अर्जन कार्यक्रम और ऑनलाइन कार्यक्रम) विनियम, 2020 के प्रावधानानुसार विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रत्येक विषय में तीन शिक्षक होना आवश्यक हैं। विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की मान्यता को निरंतर रखने हेतु विश्वविद्यालय में शिक्षको की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय के रिक्त शैक्षणिक पदों की पूर्ति होने तक शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति पर आमंत्रित किया जाना है। विश्वविद्यालय में संचालित किये जा रहे पाठ्यक्रमों / विषयों की सूची संलग्न है**(संलग्नक-1)**।

विश्वविद्यालय में वर्तमान में **प्राध्यापक** के **6 पद**, **सह-प्राध्यापक** के **6 पद** एवं **सहायक प्राध्यापक** के **25 पद** रिक्त है। संबधित विषयों के शासकीय महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षणिक पदों के विरूद्ध समान वेतनमान पर आगामी दो वर्षो हेतु प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ किये जाने हेतु बायोडाटा सहित आवेदन / सहमति पत्र आंमत्रित किये जाते है।

शासकीय महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों से प्राप्त आवेदनों को म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग को प्रेषित कर प्रतिनियुक्ति पर मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल में पदस्थ किये जाने हेतु अनुरोध किया जावेगा।

कृपया उक्त पत्र महाविद्यालय में आपके अधीन शिक्षको को सूचित करें एवं सूचना पटल पर भी चस्पा करने का कष्ट करें, जिससे महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों को यह सूचना प्राप्त हो सकें।

संलग्न-उपरोक्तानुसार

**कुलसचिव**

पृष्ठांकन क्रमांक /259/स्था./मप्रभोमुविवि/2025 भोपाल, दिनांक 16/05/2025

प्रतिलिपिः

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, संभाग-भोपाल / नर्मदापुरम, ग्वालियर, इन्दौर, जबलपुर,रीवा, सागर, उज्जैन की ओर सूचनार्थ।
2. निज सहायक के माध्यम से मा. कुलपति जी / कुलसचिव म. प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. मूल नस्ती।

**सहा. कुलसचिव**

# मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय भोपाल
## कोलार रोड भोपाल–462016 (म.प्र.)

Tel.0755- 2492093,2492096 website-http://mpbou.edu.in

भोपाल, दिनांक 16/05/2025

**//मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय में प्राध्यापक/सह–प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक के स्वीकृत पदों के विरूद्ध शासकीय महाविद्यालयीन शिक्षकों को समान वेतन पर दो वर्ष हेतु प्रतिनियुक्ति पर लेने हेतु सूचना//**

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल में वर्तमान में **प्राध्यापक** के **6 पद**, **सह–प्राध्यापक** के **6 पद** एवं **सहायक प्राध्यापक** के **25 पद** रिक्त है। विश्वविद्यालय में संचालित किये जा रहे पाठ्यक्रमों/विषयों के शासकीय महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षणिक पदों के विरूद्व समान वेतनमान पर आगामी दो वर्षो हेतु प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ किये जाने हेतु बायोडाटा सहित आवेदन/सहमति पत्र आमंत्रित किये जाते है। शासकीय महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों से प्राप्त आवेदनों को म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग को प्रेषित कर प्रतिनियुक्ति पर मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल में पदस्थ किये जाने हेतु अनुरोध किया जावेगा।

**कुलसचिव**